स्टर्लिंग एंड विल्सन ने जेएंडके में उम्मीद की सुरंग के लिए विद्युतीकरण कार्य पूरा किया

जम्मू। भारत की सर्वाधिक नौ किमी लंबी सुरंग चेनानी–नशरी अथवा पत्नीटॉप सुरंग का उद्घाटन होने के साथ स्टर्लिंग एंड विल्सन ने आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए विद्युतीकरण एव सबस्टेशन मे अग्रवर्ती परिमाण, प्रौद्योगिकी एवं विशेषज्ञ पेश करते हुए विद्युत ईपीसी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय एवं सक्षम भागीदार होने की हासिल अपनी प्रतिष्ठा की दोबारा पुष्टि की है। बताई गई सुरंग आईएल एंड एफएस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क्स लिमिटेड (आईटीएनएल) की ओर से विक. सित की गई है। वैश्विक तौर पर विद्यमान एक ईपीसी कंपनी, स्टर्लिंग एंड विल्सन, विलक्षण शाप. रजी पल्लोनजी समूह का एक हिस्सा है तथा एनएच–1ए खंड के आरपार चेनानी से नशरी को जोड़ने वाली चार लेन वाली सुरंग के 11 केवी सबस्टेशन, वितरण एवं सहायक कार्यों के डिजाइन, निर्माण तथा टर्न की सॉल्यूशंस में घनिष्ठ रूप से संबद्ध है। इस सुरंग के खुलने से जम्मू एवं कश्मीर के 1.22 करोड़ लोगों के जीवन के सुखद होने की उम्मीद है। इससे कश्मीर बाकी के देश के और निकट आएगा। बताई गई परियोजना एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, इसे राष्ट्रीय परिसंपत्ति के तौर पर मान्यता दी गई है तथा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी आज इसका उद्घाटन करेंगे।

स्टर्लिंग एंड विल्सन ने संचार, विद्युत आपूर्ति, घटना संसूचन, एसओएस कॉल बॉक्स एवं अग्निशमन जैसी पूर्ण–एकीकृत नियंत्रण प्रणालियों के लिए विद्युतीकरण एवं केबलिंग पूरी कर ली है। कंपनी ने दो स्तरीय प्रकाश प्रणाली डिजाइन और प्रतिष्ठापित की है, जोकि वायु–संचालन प्रणालियों के लिए परिवर्तनशील

आवृत्ति के लिए प्रावधान के साथ वर्ष के सभी 365 दिनों में चौबीसों घंटों चलित रहेगी।

इस अवसर पर विचार पेश करते हुए स्टर्लिंग एंड विल्सन के प्रेसीडेंट– श्री बिकेश ओगरा ने कहा, " इस परियोजना का हिस्सा बनना वाकई प्रतिष्ठा और विशेषाधिकार है। सतह दे दी गई तथा समय–समय पर मौसम की स्थितिया बहुत हतोत्साही एवं कष्टदायक थीं, कार्यो को पूरा करने में चुनौतियों के अंबार थे। आईएलएंडएफएस के मूल्यवान समर्थन तथा हमारे इंजीनियरों के अथक प्रयासों जिन्होंने तमाम कठिनाइयों का बहादुरी से सामना करते हुए यह सुनिश्चित किया कि यह सुरंग वर्ष के सभी 365 दिना. में सुरक्षा विशेषताओं की स्थिति के साथ 24•7 प्रकाशवान रहे। परियोजना के सफलतापूर्वक पूरा करने ने भारत और विदेश में हमारी ख्याति तथा प्रदर्शनों की सूची में वृद्धि की है।

स्टर्लिंग एंड विल्सन समूह के संबंध में स्टर्लिंग एंड विल्सन उत्कृ ष्ट शापूरजी पल्लोनजी समूह का एक हिस्सा है। आधारभूत संरचना एवं विद्युत क्षेत्र के लिए ईपीसी सॉल्यूशंस पेश करने की 90 से अधिक वर्षो की अपनी विरासत के साथ स्टर्लिंग एंड विल्सन को गर्व की अनुभूति होती है। समुद्र में बंद. रगाहों, हवाई अड्डों, निर्माण प्लांटों, परमाणु संयत्रों, होटलों तथा अस्पतालों जैसी भारी पूंजी निवेश परियोजनाओं के लिए ईपीसी सेवाएं प्रदान करने के बाद स्टर्लिंग एंड विल्सन ने एशिया, अफ्रीका तथा मध्य पूरब में आर्थिक विकास एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। स्टर्लिंग एंड विल्सन ने यूरोप और अमेरिका में अपनी उपस्थिति बढ़ाई है।